O/C

प्रेषक,

हरेन्द्र कुमार ओझा,

अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/(एफ.टी.सी.),

(14 वां वित्त आयोग), कानपुर नगर।

सेवा में,

महानिबंधक महोदय,

माननीय उच्च न्यायालय, इलाहाबाद।

द्वारा,

जनपद न्यायाधीश महोदय,

कानपुर नगर।

**विषय**– श्रीमान जनपद न्यायाधीश, कानपुर नगर द्वारा वर्ष 2019–2020 की प्रदत्त वार्षिक गोपनीय प्रविष्टि के उन्नयन के संबंध में।

महोदय,

सादर निवेदन है कि प्रार्थी द्वारा वर्ष 2019-2020 में सिविल जज(सी०डि०), कासगंज के रुप में दिनांक 01.04.2019 से दिनांक 15.04.2019 तक, तृतीय सिविल जज(सी०डि०), कानपुर नगर के रुप में दिनांक 17.04.2019 से दिनांक 24.08.2019 तक , विशेष मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, कानपुर नगर के रुप में दिनांक 24.08.2019 से दिनांक 20.01.2020 तक, सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, कानपुर नगर के रुप में दिनांक 21.01.2020 से दिनांक 20.03.2020 तक और अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश(फास्ट ट्रैक कोर्ट)(14 वां वित्त आयोग),कानपुर नगर के रुप में दिनांक 20.03.2020 से दिनांक 31.03.2020 तक कार्य किया गया।

श्रीमान जनपद न्यायाधीश, कानपुर नगर द्वारा वर्ष 2019–2020 के लिए प्रदत्त वार्षिक प्रविष्टि की जानकारी माननीय उच्च न्यायालय, इलाहाबाद की वेबसाइट के माध्यम से प्राप्त हुई है जिसके संबंध में प्रार्थी निम्नलिखित निवेदन कर रहा है–

1. प्रार्थी द्वारा वर्ष 2019–2020 में कुल 5 न्यायालय/कार्यालय में कार्य किया गया है और 808.56 यूनिट के सापेक्ष 1166.82 यूनिट कार्य किया गया है।

2. प्रार्थी द्वारा दस वर्ष से पुराने 113 वाद और पांच वर्ष से पुराने 104 वाद निस्तारित किये गये हैं।

3. प्रार्थी द्वारा राष्ट्रीय लोक अदालत में कुल 4020 वाद निपटाये गये हैं और सुलह समझौते के आधार पर 13 वाद निपटाये गये हैं।

4. श्रीमान जनपद न्यायाधीश महोदय द्वारा रिमार्क कॉलम 01(e)(iv) में यह अंकन किया गया है कि न्यायालय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/(एफ.टी.सी.),(14 वां वित्त आयोग), कानपुर नगर में कोई निष्पादन वाद मेरे द्वारा निस्तारित नहीं किया गया है, इस संबंध में यह अनुरोध करना है कि प्रोन्नति के उपरांत न्यायालय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/(एफ.टी.सी.),(14 वां वित्त आयोग), कानपुर नगर के न्यायालय का कार्यभार मेरे द्वारा दिनांक 20.03.2020 को ग्रहण किया गया है। श्रीमान जनपद न्यायाधीश महोदय के प्रशासनिक आदेश सं०–127 दिनांकित 20.03.2020 के क्रम में दिनांक 20.03.2020 व दिनांक 21.03.2020 को प्रार्थी

24/9/2020

स्पेशल जज(एस०सी०/एस०टी०), कानपुर नगर के न्यायालय में डाइस प्रशिक्षण में शामिल हुआ और दिनांक 22.03.2020 को राज्य सरकार द्वारा लॉकडाउन कर दिया गया। इस प्रकार अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/(एफ.टी.सी.),(14 वां वित्त आयोग), कानपुर नगर में दिनांक 20.03.2020 से दिनांक 31.03.2020 तक प्रार्थी को न्यायिक कार्य करने का अवसर प्राप्त नहीं हुआ।

5. श्रीमान् जनपद न्यायाधीश महोदय द्वारा रिमार्क कॉलम 1(e)(vii) में यह अंकन किया गया है कि मेरे द्वारा न्यायालय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/(एफ.टी.सी.),(14 वां वित्त आयोग), कानपुर नगर में वाहन दुर्घटना क्लेम से संबंधित कोई केस निस्तारित नहीं किया गया है। उक्त के संबंध में यह निवेदन दिनांक 20.03.2020 को में मोटर दुर्घटना क्लेम संबंधी कोई केस उक्त न्यायालयमें विचाराधीन नहीं था।(संलग्नक-1)

6. श्रीमान जनपद न्यायाधीश महोदय द्वारा रिमार्क कॉलम 1(k) में यह अंकन किया गया है कि मेरे द्वारा आकस्मिक निरीक्षण नहीं किया गया है, इस संबंध में निवेदन है कि चूंकि मेरे द्वारा प्रभावी तरीके से सभी त्रैमासिक निरीक्षण किये गये थे, जिससे न्यायालय में सभी कर्मचारी ठीक से कार्य कर रहे थे, इसलिए आकस्मिक निरीक्षण नहीं किया गया।

अतः माननीय महोदय से विनम्र प्रार्थना है कि श्रीमान जनपद न्यायाधीश महोदय द्वारा दिये गये उक्त रिमार्क को सुधारने और समग्र आकलन के उन्नयन के लिए यह प्रार्थनापत्र माननीय उच्च न्यायालय, इलाहाबाद के समक्ष प्रस्तुत करने की कृपा करें।

**<u>संलग्नक</u>**–दिनांक 20.03.20 को न्यायालय
अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/(एफ.टी.सी.),(14 वां वित्त आयोग),
कानपुर नगर में विचाराधीन वादों की सूची(वर्षवार)

भवदीय
24/9/2020

दिनांक– 24.09.2020

(हरेन्द्र कुमार ओझा)
अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/(एफ.टी.सी),
(14 वां वित्त आयोग), कानपुर, नगर।
(ID- UP 1606)

**कार्यालयः जनपद न्यायाधीश, कानपुर नगर।**

पत्रांकः 1569/I /कानपुर नगर, दिनांक 24/28 सितम्बर 2020

महानिबंधक माननीय उच्च न्यायालय,इलाहाबाद को अग्रसारित।

जनपद न्यायाधीश
कानपुर नगर।
24.09.2020
जनपद न्यायाधीश
कानपुर नगर

